सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

********

नई दिल्ली, दिनांकः 25 फरवरी, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित जनवरी, 2021 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

(जसबीर सिंह)
उप सचिव (प्रशासन)
दूरभाषः 23093592

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
16. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
17. श्री रजत कुमार मिश्र, अपर सचिव (बजट)
18. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
19. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष। वरिष्ठ सलाहकार (सीएंडएसी/ एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/ संयुक्त सचिव (बीसी एण्ड आईईआर)/संयुक्त सचिव(निवेश)/ संयुक्त सचिव (आईईआर)/सीएए।
20. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
21. गार्ड फाइल – 2021

फा.सं.-45011/04/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

****

**विषयः जनवरी, 2021 माह के लिए आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर मासिक सार।**

1. वृहद-आर्थिक विहंगावलोकन

वित्त वर्ष 2020-2021 में अनुमान है कि भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) संकुचित होकर 7.7% रहेगा, जो पहली छमाही में 15.7% की तीव्र गिरावट और दूसरी छमाही में 0.1% की मामूली गिरावट से मिलकर बनी है। क्षेत्र-वार, कृषि का निष्पादन आशानुरूप रहा जबकि संविदा आधारित सेवाएं, विनिर्माण, निर्माण सबसे बुरी तरह प्रभावित हुए थे और अब इनमें धीरे-धीरे बहाली आ रही है। सरकारी खपत और निवल निर्यातों का सहारा मिलने से वृद्धि और अधिक नीचे गिरने से बच गई। अर्थव्यवस्था के मूलभूत सिद्धांत सुदृढ़ बने हुए हैं और लॉकडाउन को क्रमिक रूप से हटाने और साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत मिशन की दक्षतापूर्ण सहायता से अर्थव्यवस्था पुनःप्रवर्तन के मार्ग पर मजबूती से वापस आ गई है। क्षेत्र-वार वृद्धि दर अनुबंध पर सारणी के रूप में दी गई है।

2. अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां

2.1 (क) सूरत मेट्रो रेल परियोजना के लिए 250 मिलियन यूरो राशि के क्रेडिट सुविधा करार/ऋण करार पर भारत सरकार और फ्रांसिसी विकास एजेंसी (एएफडी), फ्रांस के बीच 28 जनवरी, 2021 को हस्ताक्षर किए गए।

(ख) 30 बिलियन जापानी येन (लगभग 2113 करोड़ रुपये) के जेआईसीए ओडीए ऋण के लिए 'सामाजिक सुरक्षा हेतु कोविड-19 संकट अनुक्रिया सहायता ऋण' के लिए टिप्पणी पर हस्ताक्षर और उसका आदान-प्रदान भारत सरकार और जापान सरकार के बीच 8 जनवरी, 2021 को हुआ।

2.2 (क) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 125वें जन्म वार्षिकोत्सव के अवसर को यादगार बनाने के लिए 125 रुपये के स्मारक सिक्कों को जारी करने के लिए 20 जनवरी, 2021 को राजपत्र अधिसूचना जारी की गई।

(ख) श्रीमद स्वामी प्रणवानंदजी महाराज के 125वें जन्म वार्षिकोत्सव के अवसर को यादगार बनाने के लिए 100 रुपये, 50 रुपये और 10 रुपये के स्मारक सिक्कों को जारी करने के लिए 22 जनवरी, 2021 को राजपत्र अधिसूचना जारी की गई।

2.3 भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश की दो परियोजनाओं, यथा आंध्र प्रदेश मंडल संपर्क और ग्रामीण संपर्क सुधार परियोजना (एपीएमसीआरसीआईपी) तथा आंध्र प्रदेश सड़क और सेतु पुनर्निर्माण परियोजना (एपीआरबीआरपी) पर 6 जनवरी, 2021 को हस्ताक्षर किए।

2.4 (क) एशियाई विकास बैंक संप्रभु प्रचालन ऋण लंदन इंटरबैंक ऑफर रेट (लिबोर) के दर परिवर्तन संबंधी नीति दस्तावेज पर हस्ताक्षर एडीबी के साथ 27 जनवरी, 2021 को किए गए और उसको सभी राज्य सरकारों, ईए, पीआईए तथा संबंधित मंत्रालयों को उस पर उनके द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए परिचालित भी किया गया।
(ख) पश्चिम बंगाल अंतर्देशीय जल परिवहन, कार्यान्वयन एवं संचालन और स्थान-संबंधी विकास परियोजना के लिए 105 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण पर 5 जनवरी, 2021 को विश्व बैंक के साथ करार किया गया।
(ग) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बीच हुए नये द्विपक्षीय उधार करार को आईएमएफ बोर्ड में अनुमोदन प्राप्त हुआ।

**2.5 जनवरी, 2021 माह के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित हुईं :**

(i) माननीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारामन ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के अंतर्गत परियोजना की प्रगति का जायज़ा लेने के लिए 6 जनवरी, 2021 को एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।
(ii) भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता में मुख्य आर्थिक सलाकार डॉ. के. सुब्रह्मनियन और वरिष्ठ आर्थिक सलाकार एवं सचिव, वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी), डॉ. शशांक सक्सेना के साथ सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 13 जनवरी, 2021 को एफएसडीसी की उप-समिति की 26वीं बैठक में भाग लिया।
(iii) अपर सचिव ने 19 जनवरी, 2021 को भारत के लिए वहनीय वित्त पर कार्यबल की पहली बैठक की अध्यक्षता की।
(iv) अपर सचिव ने 29 जनवरी, 2021 को विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए आर्थिक कार्य विभाग की जांच समिति की 114वीं बैठक की अध्यक्षता की। कुल 26 परियोजनाओं पर विचार विमर्श किया गया और 10 परियोजनाएं अनुमोदित की गईं।
(v) अपर सचिव ने 19 जनवरी, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष – दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता केन्द्र (आईएमएफ-एसएआरटीटीएसी) की मध्य-वर्ष जांच समिति की आभासी बैठक में भाग लिया।

(vi) अपर सचिव ने 28 जनवरी, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय निगम (आईएफसी) के मुद्दों के संबंध में श्री अल्फोंसो गार्सिया मोरा, उपाध्यक्ष (एशिया एवं प्रशांत), आईएफसी के साथ आभासी बैठक की।

(vii) अपर सचिव ने 5 जनवरी, 2021 को रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के साथ स्वर्ण मुद्रीकरण स्कीम पर बैठक की अध्यक्षता की।

(viii) अपर सचिव ने 13 जनवरी, 2021 को स्वर्ण मुद्रीकरण स्कीम (जीएमएस) के पुनर्नवीकरण से संबंधित प्रस्तावों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय बैंक एसोसिएशन (आईबीए) के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता की।

(ix) संयुक्त सचिव ने 5 जनवरी, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय सर्राफा केन्द्र सिफारिशों- एलबीएमए (लंदन बुलियन मार्किट एसोसिएशन) पर बैठक की अध्यक्षता की।

(x) आर्थिक कार्य विभाग ने इटली की अध्यक्षता के अंतर्गत 25-26 जनवरी, 2021 को जी-20 वित्त और केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्षों की आभासी रूप से हुई पहली बैठक में भाग लिया।

(xi) प्रारंभिक चेतावनी समूह (ईडब्ल्यूजी) की 21वीं बैठक सदस्य, सेबी की अध्यक्षता में दिनांक 19 जनवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई थी जिसमें विभाग की तरफ से निदेशक (एफएसएंडसीएस) ने भाग लिया था।

(xii) आभासी वैश्विक निवेश गोलमेज (वीजीआईआर) के अनुपालन के रूप में 'संपर्क का एकल बिंदु' से संबंधित बैठक 5 जनवरी, 2021 को आयोजित की गई थी।

(xiii) एडीबी वित्तपोषण परियोजनाओं के लिए आभासी त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा बैठक (टीपीआरएम), एडीबी और परियोजना कार्यान्वयन प्राधिकरण (पीआईए) के साथ दिनांक 15 जनवरी, 2021 को आयोजित की गई थी।

(xiv) विश्व बैंक वित्तपोषण परियोजनाओं के लिए आभासी त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा बैठक (टीपीआरएम), विश्व बैंक और परियोजना कार्यान्वयन प्राधिकरण (पीआईए) के साथ दिनांक 20-22 जनवरी, 2021 को आयोजित की गई थी।

(xv) भारत और यूके के बीच भारत-यूके संवहनीय वित्तीय फोरम की पहली बैठक 21 जनवरी, 2021 को आयोजित की गई थी। इस फोरम में विभिन्न मंत्रालय/विभाग और दोनों देशों के विनियामकों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

(xvi) राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना निधि (एनआईआईएफ) ऋण मंच में पूंजी नियोजन की समीक्षा बैठक दिनांक 22 जनवरी, 2021 को आयोजित की गई थी।

(xvii) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय निगम (आईएफसी) के संबंध में श्री शलभ टंडन, प्रभारी निदेशक, आईएफसी और श्री जून झांग, राष्ट्रीय निदेशक, आईएफसी के साथ दिनांक 28 जनवरी, 2021 को एक बैठक आयोजित की गई थी।

3. **न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

4. एसीसी के निर्देशों/आदेशों का गैर-अनुपालन

शून्य।

5. विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतिक्षित है: 16

***

<u>अनुबंध</u>

| सारणी **1:** आर्थिक कार्यकलाप के बुनियादी मूल्यों पर जीवीए और बाजार मूल्यों पर जीडीपी की वृद्धि (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र | स्थिर मूल्यों पर वृद्धि (2011-12) (प्रतिशत में) | | |
| | **2017-18** द्वितीय सं.अनु. | **2018-19** प्रथम सं.अनु. | **2019-20** प्रथम अ.अनु. |
| कृषि, वानिकी एवं मत्स्य | **2.6** | **4.3** | **3.4** |
| उद्योग | **5.3** | **-1.2** | **-9.6** |
| खनन और उत्खनन | 0.3 | -2.5 | -12.4 |
| विनिर्माण | 5.3 | -2.44 | -9.42 |
| विद्युत, गैस, पानी की आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 8.0 | 2.1 | 2.7 |
| निर्माण | 6.3 | 1.0 | -12.6 |
| सेवाएं | **7.2** | **7.2** | **-8.8** |
| व्यापार, होटल, परिवहन भंडारण | 7.1 | 6.4 | -21.4 |
| वित्तीय, रियल स्टेट और व्यवसायिक सेवाएं | 7.2 | 7.3 | -0.8 |
| सार्वजनिक प्रशासन रक्षा और अन्य सेवाएं | 7.4 | 8.3 | -3.7 |
| बुनियादी मूल्यों पर जीवीए | **5.9** | **4.1** | **-7.2** |
| बाजार मूल्यों पर जीडीपी | **6.5** | **4.0** | **-7.7** |

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)।

टिप्पणी:द्वितीय सं.अनु.: द्वितीय संशोधित अनुमान, प्रथम सं.अनु.: प्रथम संशोधित अनुमान, प्रथम अ.अनु.: प्रथम अग्रिम अनुमान

| सारणी **2:** जीडीपी की मांग में वार्षिक प्रत्यक्ष वृद्धि और इसके घटक (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | **2017-18** द्वितीय सं.अनु. | **2018-19** प्रथम सं.अनु. | **2019-20** प्रथम अ.अनु. |
| कुल खपत | **7.4** | **5.9** | **-6.9** |
| सरकारी खपत | 6.3 | 7.9 | 5.8 |
| निजी खपत | 7.6 | 5.5 | -9.5 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | **9.9** | **5.4** | **-14.5** |
| निर्यात | 12.3 | -3.3 | -8.3 |
| आयात | 8.6 | -0.8 | -20.5 |
| बाजार मूल्यों पर जीडीपी | **6.5** | **4.0** | **-7.7** |

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)।

टिप्पणी:द्वितीय सं.अनु.: द्वितीय संशोधित अनुमान, प्रथम सं.अनु.: प्रथम संशोधित अनुमान, प्रथम अ.अनु.: प्रथम अग्रिम अनुमान

| सारणी 3: मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | दिसम्बर-19 | नवम्बर - 20 | दिसम्बर -20 |
| सीपीआई-सी | 7.35 | 6.93 | 4.59 |
| डब्ल्यूपीआई | 2.76 | 1.55 | 1.22 |

स्रोत: सीपीआई-सी के लिए एनएसओ और डब्ल्यूपीआई के लिए ओईए, डीपीआईआईटी

टिप्पणी: पिछले दो महीने के डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

| सारणी 4: मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | **22.1.2021** |
| नीति रेपो दर | 4.0 |
| दस वर्ष की सरकारी प्रतिभूति के समकक्ष उपज (एफबीआईएल) | 5.95 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 6.4 |

टिप्पणी: # 15 जनवरी, 2021 की स्थिति के अनुसार

| सारणी 5: व्यापारिक माल व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क के आधार पर)(बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| दिसम्बर, 2019 | 27.1 | 39.6 | -12.5 |
| दिसम्बर, 2020 | 27.2 | 42.6 | -15.4 |

| सारणी 6: व्यापार निष्पादन सेवाएं (बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| नवम्बर, 2020 | 17.1 | 10.1 | 7.0 |

स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 15.01.2021 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम डाटा।

| सारणी 7: शेष भुगतान | | |
|---|---|---|
| मद | 2019-20 ति1 | 2020-21 (पी) ति1 |

| | | |
|---|---|---|
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डालर में) | -22.5 | 34.8 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत में) | -1.6 | 3.1 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | |

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डालर में) | |
|---|---|
| मार्च, 2020 | 477.8 |
| 22.1.2021 | 585.3 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | |

| सारणी 9: भारतीय रुपए की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डालर | पौंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| 25.1.2021 | 72.9297 | 100.0255 | 88.8187 | 70.3200 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | | | |

| सारणी 10: विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डालर) | | | |
|---|---|---|---|
| | सितम्बर, 2019 पीआर के अंत तक (1) | सितम्बर, 2020 पी के अंत तक (2) | प्रतिशत भिन्नता [(2/1)-1]*100 |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 557.6 | 556.2 | -0.2 |
| स्रोत: सितम्बर, 2020 के अंत तक विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट, आर्थिक कार्य विभाग | | | |

| सारणी 11: औद्योगिक उत्पादन के मुख्य बिंदु | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | सितम्बर - 19 | अक्तूबर - 19 | नवम्बर - 19 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -4.6 | -6.6 | 2.1 |
| मासिक वृद्धि | सितम्बर - 20 | अक्तूबर - 20 | नवम्बर - 20 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | 0.5 | 4.2 | -1.9 |

| सारणी 12: आठ प्रमुख उद्योग | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | अक्तूबर - 19 | नवम्बर - 19 | दिसम्बर - 19 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -5.5 | 0.7 | 3.1 |
| मासिक वृद्धि | अक्तूबर - 20 | नवम्बर - 20 | दिसम्बर - 20 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -0.9 | -1.4 | -1.3 |

***